**Regarding construction of railway line from Panchdewri to Bhatni in Bihar.**

डॉ**.** आलोक कुमार सुमन **(**गोपालगंज**) :** माननीय सभापति जी, मेरे अतारांकित प्रश्न संख्या 494 दिनांक 05-02-2020 को दिये गये जवाब के अनुसार गोपालगंज जिला में पूर्णतः आंशिक रूप से पड़ने वाली हथ-भटनी नई लाइन परियोजना जो 79.64 किलोमीटर है, चालू है । परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 770.08 करोड़ रुपये है । मार्च 2019 तक 277.13 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है। शेष 48.64 किमी पर कार्य को भूमि ,बिहार के गोपालगंज जिला में 36.00 किलोमीटर और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 12.64 किलोमीटर पड़ता है, उपलब्ध न होने के कारण रोक दिया गया है ।

बिहार राज्य में पंचदेओरी-भौरे जो 36 किलोमीटर खंड में है, 333 एकड़ और उत्तर प्रदेश के देवरिया में 101.13 एकड़ के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ऐसा जवाब दिया गया था । लेकिन Rule 377 (2024 MW-1/NER 377/05) के उत्तर में, यह बताया गया है कि भूमि अधिग्रहण में विलम्ब के कारण परियोजना के शेष खंड (पंचदेवरी-भटनी, जो 49 किलामीटर है, को बंद करने का निर्णय लिया गया है ।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि पंचदेवरी-भटनी रेल लाइन को यथाशीघ्र शुरु किया जाए तथा अर्थिक स्वीकृति देकर जमीन अधिग्रहण करके काम शुरू किया जाय ।